# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

: 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 12.11.2025

## प्रकाशनार्थ

**गोरखपुर 12 नवम्बर, 2025। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग एवं सृष्टि सेवा संस्थान व एकता सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अण्डरस्टैण्डिंग चैलेन्जेज एण्ड राइट्स ऑफ ट्रान्सजेण्डर विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।** जिसमें **मुख्य अतिथि गरिमा गृह की प्रमुख संचालिका एकता महेश्वरी ने कहा कि** हमारे समुदाय को विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें सामाजिक बहिष्कार, भेद—भाव, बेरोजगारी और शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी मुख्य रूप से हैं। इसके साथ ही साथ उन्हें शारीरिक और मानसिक शोषण का भी सामना करना पड़ता है। रोजगार के सीमित अवसरों के कारण समुदाय में बेरोजगारी की दर अधिक है, इसके साथ ही कुछ मामलों में उन्हें जबरन वसूली और अपमानजनक व्यवहार जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। सरकारी प्रयासों से वर्ष 2014 से इनके बारे में बात की जाने लगी है। समाज के हर वर्ग के बच्चे अपने भविष्य का लक्ष्य तय कर लेते हैं, लेकिन यह समुदाय अपने जीवन के बारे में कोई लक्ष्य नहीं बना पाता।

**विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमा गृह की प्रोजेक्ट मैनेजर श्वेता ने कहा कि** उ0प्र0 का पहला गरिमा गृह यहां खुला है। हमारा प्रयास है कि इस समुदाय के लोगों को एक नई दिशा दी जाय और उन्हें भी सम्मानजनक जिन्दगी जीने का हक मिले। जिन ट्रान्सजेण्डर लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं होता, उन्हे सक्षम सहयोग प्रदान किया जाता है।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** शिव का अर्द्धनारीश्वर रूप ही सृष्टि का पहला ट्रान्सजेण्डर स्वरूप है। भारत में इनके अधिकारों के लिए समर्पित संस्था या आयोग के गठन की मांग की गयी है, जो महिला आयोग की तर्ज पर इनके मुद्दों पर काम कर सके। इसके साथ ही जब तक राजनीति में इन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा, तब तक इनके हित में समुचित नीतियां बनाना कठिन होगा। उ0प्र0 सरकार लगातार इनके हित में काम कर रही है।

**उक्त कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रो0 अर्चना सिंह प्रभारी, समाजशास्त्र विभाग ने एवं संचालन आकांक्षा पाण्डेय, परियोजना प्रबन्धक सृष्टि सेवा संस्थान ने एवं आभार ज्ञापन डॉ0 सुनील सिंह ने किया।**

उक्त अवसर पर डॉ. निधि राय, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. शाश्वत चन्देल, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. सरिता सिंह, डॉ0 समृद्धि सिंह, आशुतोष दूबे, श्वेता, सुमित, जागृति, सूरज पाण्डेय, नविश, श्री अभय सिंह, श्री जटाशंकर सहित शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**(डॉ. सुनील कुमार सिंह)**
**सह प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**